35 घंटे की मतगणना के बाद ध्रुव त्रिपाठी ने 307 मतों से दर्ज की जीत

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, २८ अक्टूबर। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना में करीब 35 घंटे तक चली गिनती के बाद भाजपा प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने 307 मतों से जीत दर्ज की है। हालांकि, निर्वाचन अधिकारी की ओर से परिणाम की आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 27 अक्टूबर को सुबह आठ बजे शुरू हुई मतगणना बुधवार तक चली। द्वितीय वरीयता के मतों की गणना के कारण चुनाव परिणाम को लेकर आखिरी समय तक रोमांच बना रहा। मतगणना के दौरान कुल 14 प्रत्याशी एलिमिनेट हुए। इसके बाद उनके मतपत्रों पर दर्ज द्वितीय वरीयता के मतों की गणना कर



❖ 14 प्रत्याशियों के एलिमिनेशन के बाद आखिरी दौर तक चला मुकाबला, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूरी हुई मतगणना

नियमानुसार संबंधित प्रत्याशियों के खाते में जोड़ा गया। इसी प्रक्रिया के चलते भाजपा प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी और निर्दलीय प्रत्याशी राजीव यादव के बीच मुकाबला लगातार दिलचस्प बना रहा।

मतगणना के एक चरण में ध्रुव त्रिपाठी की बढ़त 901 मतों की थी, जो बाद में घटकर 880 मतों पर आ गई थी। इसके बाद संजयन के मतपत्रों पर दर्ज द्वितीय वरीयता के मतों को लेकर भी निगाहें टिकी थीं। आखिरकार मतगणना पूरी होने के बाद ध्रुव त्रिपाठी ने 307 मतों के अंतर से जीत हासिल की। 27 अक्टूबर की सुबह आठ बजे शुरू हुई मतगणना लगातार करीब 35 घंटे तक चली। पूरी प्रक्रिया के दौरान मतगणना स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

रेलवे की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया

गोरखपुर, २८ अक्टूबर। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस, अपराध आसूचना शाखा एवं इंजीनियरिंग विभाग छपरा द्वारा संयुक्त रूप से छपरा रेलवे स्टेशन के कचहरी यार्ड एवं पैदल उपरिगामी पुल के निकट अवैध अतिक्रमण कर लगाये गये 80 गुमटी, झोपड़ी को शांति पूर्ण तरीके से हटाया गया, जिससे रेलवे के 3800 वर्ग मीटर रेल भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। रेलवे सुरक्षा बल बस्ती को 15023 में निगरानी के दौरान 32 अमानक पानी की बोतल मिलने पर जब्त किया गया।

भाजपा प्रत्याशी ध्रुव त्रिपाठी जीते तो किंतु 'मार्जिन' कम रहा

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, २८ अक्टूबर। भाजपा के लिए प्रतिष्ठापूर्ण बने गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक एम.एल.सी. निर्वाचन में भाजपा प्रत्याशी ध्रुव त्रिपाठी को कड़े मुकाबले में जीत तो मिली किंतु लगभग 38 घंटे से भी अधिक समय तक चली मतगणना में मतों के अंतर के स्तर पर भाजपा प्रत्याशी ध्रुव त्रिपाठी की हालत पतली ही रही। विशाल संगठनिक धरातल वाली भाजपा और प्रदेश के लोकप्रिय मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ का भगीरथ प्रयास भी भाजपा प्रत्याशी ध्रुव त्रिपाठी को शानदार जीत नहीं दिला सका। फिर भी योगी के गढ़ में भाजपा की प्रतिष्ठा जैसे-तैसे बच गयी। यही संतोष जनक रही। पूरे प्रदेशमें कुल 11 सीटों शिक्षक एम.एल.सी के लिए चुनाव हुए। मोदीजी की काशी में भी भाजपा प्रत्याशी की हार हो गयी। अपने को बेहद प्रबुद्ध और शिक्षा तथा शिक्षकों की हिमायती होने का दावा करने वाली भाजपा को गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए नाकों-चना' चबाने पड़े। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने भी इस चुनाव में जीत के लिए भगीरथ प्रयास किया था। गोरखपुर में उन्होंने बड़े स्तर पर शिक्षकों से संवाद का कार्यक्रम भी आयोजित किया था। इसी कार्यक्रम के शुरू होने से पूर्व में भाजपा एम.एल.सी देवेन्द्र प्रताप सिंह के साथ अपमान का प्रकारण भी सामने आया था। हैरत की बात तो यह है कि भाजपा अपने संगठन के फोरम पर अब कतिमय लोगों का अपमान भी करने लगी है। इस प्रकरण में भाजपा के एक जिम्मेदार पदाधिकारी का नाम भी सामने आया था। वैसे संतोषप्रद बात यह रही कि तीन बारे एम.एल.सी.रहे ध्रुव त्रिपाठी चौथी बार के लिए मात्र 307 मतों के अंतर से जीत हासिल कर सके। भाजपा को इसका मलाल कुछ हद तक अवश्य रहेगा।

असली हीरो बनकर उभरे निर्दल प्रत्याशी राजीव यादव

गोरखपुर, २८ अक्टूबर। शिक्षक एम.एल.सी. के लिए हुए प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में सपा प्रत्याशी डा. संजयन त्रिपाठी को पछाड़ते हुए प्रदेश से लगायत केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा के प्रत्याशी ध्रुव त्रिपाठी के समक्ष बेहद कड़ी चुनौती पेश करने वाले राजीव यादव ही असली हीरो बनकर उभरे। यद्यपि कि वह चुनाव मात्र 307 मतों के अंतर से हार गये। आश्चर्य की बात तो यह है कि उन्होंने मतगणना प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें हराया गया है। इसके खिलाफ वह न्यायालय जायेंगे।मूलत: आजमगढ़ जनपद निवासी और देवरिया जनपद के एक कालेज में तैनात शिक्षक राजीव यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि लगभग 1600 मतपत्रों पर एक ही पेन से कथित रूप से एक और दो लिखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों हितों के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा।



सीएम योगी के आगमन की तैयारी तेज, शहीद स्मारक पर सजेगा मंच

गोरखपुर, २८ अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक नवंबर को प्रस्तावित चौरीचौरा दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार को शहीद स्मारक के पास प्रस्तावित जनसभा स्थल पर पंडाल लगाने का काम तेजी से चलता रहा। कार्यक्रम की तारीख नजदीक आने के साथ ही कर्मचारी, प्रशासनिक अमला और भाजपा कार्यकर्ता व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। चौरी चौरा प्रतिनिधि के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दौरे के दौरान रेलवे ओवरब्रिज संख्या 147-बी का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह शहीद स्मारक पहुंचकर देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए जनसभा स्थल पर पंडाल, मंच और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी और क्षेत्रीय विधायक इंजीनियर सरवन निषाद जनसभा स्थल पहुंचे। दोनों नेताओं ने तैयारियों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष और विधायक ने नगर पंचायत क्षेत्र के बाजार में पैदल भ्रमण किया।



❖ एक नवंबर को मुख्यमंत्री रेलवे ओवरब्रिज का करेंगे उद्घाटन


31 को मनेगी सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती

गोरखपुर, २८ अक्टूबर। पटेल स्मारक सेवा संस्थान, भेड़ियागढ़ (विष्णुपुरम), गोरखपुर द्वारा देश के प्रथम गृहमंत्री, भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के पर 31 अक्टूबर शनिवार को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के क्रम में प्रात: 9 बजे गोलघर स्थित पटेल चौक, काली मंदिर पर सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा। इसके बाद पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक पटेल स्मारक सेवा संस्थान परिसर में जयंती समारोह आयोजित होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कंप्यूटर साइंस विभाग के अध्यक्ष प्रो. डॉ. राकेश कुमार उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश के सेवानिवृत्त सहायक अभियंता इं. संत सुरेमन चौधरी तथा मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त प्रो. डॉ. अनिल कुमार राय शामिल होंगे।

पुरानी पेंशन की बहाली पर राष्ट्रीय नेतृत्व निर्णय लेगा-ध्रुव त्रिपाठी

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, २८ अक्टूबर। जीत के बाद पत्रकारों से बातचीत में ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने पुरानी पेंशन के मुद्दे पर कहा कि यह



राष्ट्रीय मुद्दा है और इस पर राष्ट्रीय नेतृत्व निर्णय लेगा। उन्होंने कहा कि वह शिक्षकों के हितों के लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे। पुरानी पेंशन की बहाली शिक्षकों की प्रमुख मांगों में शामिल रही है। ऐसे में चुनाव जीतने के बाद इस मुद्दे पर उनसे आगे की रणनीति और ठोस पहल के संबंध में भी सवाल किए गए। हालांकि, उन्होंने निर्णय का दायित्व राष्ट्रीय नेतृत्व पर छोड़ते हुए अपनी ओर से संघर्ष जारी रखने की बात कही। पत्रकारों ने ध्रुव कुमार त्रिपाठी से यह भी पूछा कि वह लगातार चौथी बार चुनाव जीत रहे हैं, ऐसे में शिक्षकों के हित में उन्होंने कौन-कौन से प्रमुख कार्य किए हैं और उनकी उपलब्धियां क्या हैं। इस सवाल पर ध्रुव त्रिपाठी स्पष्ट रूप से अपनी उपलब्धियां गिनाने के बजाय गोलमोल जवाब देते नजर आए। शिक्षकों के बीच पुरानी पेंशन, सेवा संबंधी समस्याओं और अन्य मांगों को लेकर लंबे समय से चर्चा होती रही है। ऐसे में लगातार चौथी बार प्रतिनिधित्व का अवसर मिलने के बाद उनके कार्यकाल में शिक्षकों के हित में हुए काम और आगामी प्राथमिकताओं को लेकर स्पष्ट जवाब की अपेक्षा की जा रही थी।

आदर्श और अनमोल अंडर-14 फुटबॉल टीम में चयनित

गोरखपुर, २८ अक्टूबर। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, वायुसेना स्थल के दो होनहार छात्रों, आदर्श कुमार गौतम और अनमोल का चयन केंद्रीय विद्यालय संगठन की अंडर-14 फुटबॉल टीम में हुआ है। ये दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में केंद्रीय विद्यालय संगठन की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतिष्ठित टीम में आदर्श कुमार गौतम स्ट्राइकर के रूप में खेलेंगे, वहीं अनमोल टीम के गोलकीपर के रूप में अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। छात्रों की इस गौरवमयी सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य बैरिस्टर पाण्डेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों खिलाड़ियों और खेल शिक्षकों को बधाई दी। खेल शिक्षक सत्येंद्र कुमार एवं खेल कोच मोहम्मद नईम के कुशल मार्गदर्शन और कठोर प्रशिक्षण में इन खिलाड़ियों ने अपना खेल निखारा है। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर युवा फुटबॉलरों को आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीत के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

डा. संजयन त्रिपाठी को नहीं मिला 'सपा का बेस वोट'

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, २८ अक्टूबर। भाजपा छोड़ने के बाद डा. संजयन त्रिपाठी को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी तो घोषित कर दिया किन्तु शिक्षक एम.एल.सी. के चुनाव में डा. त्रिपाठी को 'सपा का बेस वोट' नहीं मिल सका। यही कारण है कि सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ अप्रत्याशित रूप से बनी विषम परिस्थितियों का सपा और उसके प्रत्याशी डा. संजयन त्रिपाठी को लाभ नहीं मिल सका में यह भी चर्चा रही कि 'सपा का बेस वोट' निर्दल प्रत्याशी राजीव यादव को ट्रांसफर हो गया।एक प्रतिष्ठित महाविद्यालय में हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. संजयन त्रिपाठी के पिता स्व. डा. सत्य नारायण त्रिपाठी भी गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में प्रोफेसर रह चुके हैं। डा. संजयन त्रिपाठी लगभग दो दशकों से सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर सक्रिय हैं। वह कभी पूर्वांचल तो कभी सवर्णों के हित में आवाज उठाते रहे हैं। वह कांग्रेस में भी रहे। चुनावों में भी आजमाइश करते रहे हैं। सपा में आने से पूर्व वह भाजपा में थे। शिक्षक एम.एल.सी. निर्वाचन में जब भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया तो उन्होंने सपा का दामन पकड़ लिया। सपा प्रमुख ने उन्हें पार्टी का टिकट तो दिया तथा इस पद के लिए जोरदार दावेदारी कर रहे कमलेश यादव को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भी स्थान दे दिया। फिर भी 'सपा का बेस वोट' डा. संजयन त्रिपाठी को ट्रांसफर नहीं हो सका। वैसे भी सपा हो या भाजपा अकसर चुनावों में जीताऊ कडींडेट के नाम पर पार्टी के मूल कैडर का उपेक्षा करती रही हैं। परिणाम स्वरूप इसकी भी नाराजगी संबंधित उम्मीदवारों को झेलना पड़ती है।



एमएमएमयूटी के प्रतियोगिता में पलक शुक्ला और श्रेया तिवारी बनी विजेता

गोरखपुर, २८ अक्टूबर। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में %दी एडिटोरियल बोर्ड% की ओर से आयोजित दो दिवसीय वार्षिक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। प्रतियोगिता में 200 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी विवि के अटल भवन सभागार में विद्यार्थियों ने दो-दो सदस्यों की 20 टीमें बनाकर 10 समसामयिक विषयों पर पक्ष और विपक्ष में अपने तर्क प्रस्तुत किए। प्रत्येक टीम को अपना पक्ष रखने के लिए ढाई मिनट का समय दिया गया। इसके बाद प्रतिभागियों ने विपक्षी टीम के तर्कों का खंडन किया और निर्णायक मंडल के प्रश्नों के उत्तर दिए। तीन घंटे से अधिक समय तक चले इस बौद्धिक मुकाबले में विद्यार्थियों ने अपनी विषयगत समझ, तार्किक दृष्टिकोण और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बीटेक सूचना प्रौद्योगिकी की पलक शुक्ला और बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स की श्रेया तिवारी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीटेक सूचना प्रौद्योगिकी की अंकिता रावत और बीटेक



प्रभावशाली अभिव्यक्ति का परिचय दिया। अंतिम चरण में 40 चयनित के बीच हुए रोचक मुकाबले में पलक शुक्ला और श्रेया तिवारी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बुधवार को इलेक्ट्रिकल की प्रिंस चौहान की टीम द्वितीय स्थान पर रही। वहीं, बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स की सृष्टि मौर्य और बीटेक मैकेनिकल के विशेष राय की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चौरीचौरा में कार्यक्रम को लेकर उत्साह

गोरखपुर, २८ अक्टूबर। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 18 नवम्बर को प्रस्तावित



चौरीचौरा में कार्यक्रम को लेकर अजय कुमार सिंह टप्पू के खेमे में और सपाइयों में काफी उत्साह है। चौरी चौरा प्रतिनिधि के अनुसार पूर्व सीएम के सिर्फ देवकहिया में शहीद बंधू सिंह के प्रतिमा अनावरण व स्व.विनय कुमार सिंह बिन्नू को श्रद्धांजलि देने के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर टप्पू सिंह व उनके समर्थकों में खास उत्साह है और सुबह से ही टप्पू सिंह के कार्यालय में काफी भीड़ पहुंची थी। लोग कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साहित दिखे। शहीद वंशज अजय कुमार सिंह टप्पू ने अपने समर्थकों के साथ प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। श्री टप्पू ने बताया कि सपा प्रमुख के कार्यक्रम को लेकर समर्थक तैयारी में जुट गए है।

ट्रेन का समय बदला

गोरखपुर, २८ अक्टूबर। रेल प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु 15566 नई दिल्ली-ललितग्राम वैशाली एक्सप्रेस के निम्नलिखित स्टेशनों पर दिये गये ठहराव समय में संशोधन किया गया है। 15566 नई दिल्ली-ललितग्राम वैशाली एक्सप्रेस, 23 दिसम्बर से संशोधित समयानुसार मानकनगर से 3.55 बजे, ऐशबाग से 4.20 बजे तथा बादशाहनगर से 4.43 बजे छूटेगी। शेष स्टेशनों पर इस गाड़ी का ठहराव यथावत रहेगा।

एमएमएमयूटी में 179 टीमों के 350 से अधिक विद्यार्थियों ने दिखाई तकनीकी प्रतिभा

गोरखपुर, २८ अक्टूबर। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की तकनीकी सोसाइटी 'फ्लक्स' की ओर से आयोजित 'हैकटॉबरफेस्ट म बाइटब्रॉल 2026' प्रतियोगिता के प्रथम चरण में 350 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी तकनीकी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुल 179 टीमों ने पंजीकरण कराया। विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने तकनीकी ज्ञान, तार्किक क्षमता और समस्या समाधान कौशल का परिचय दिया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अनुपमा कौशिक शर्मा ने प्रथम चरण के परिणामों की घोषणा की। प्रतियोगिता में एमएमएमयूटी के साथ दीनदयाल उपाध्याय इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज तथा आईटीएम के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रथम चरण में प्रतिभागियों की तकनीकी जानकारी, तार्किक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता तथा समस्या समाधान कौशल का मूल्यांकन किया गया।



शुद्ध पेयजल के लिए चला अभियान

गोरखपुर, २८ अक्टूबर। रेल यात्रियों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिये उन्हें शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेलवे स्टेशनों, कार्यालयों एवं आवासीय कॉलोनियों में पानी की टंकियों, वाटर कूलर, टैप, फिल्टर तथा पाइप लाइनों की निरन्तर निगरानी एवं रखरखाव का कार्य प्राथमिकता पर किया जा रहा है। रेलवे के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों, स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा पेयजल को सुरक्षित बनाने हेतु अवशिष्ट क्लोरीन परीक्षण, जीवाणु संवर्धन परीक्षण एवं रासायनिक विश्लेषण नियमित रूप से किये जा रहे हैं। रेल यात्रियों और कर्मचारियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना रेल प्रशासन की प्राथमिकताओं में से एक है और यह कार्य अभियान के रूप में निरन्तर चलता रहेगा।

विचारों में जागृत करें सत्यनिष्ठा का भाव-जीएम

गोरखपुर, २८ अक्टूबर। केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार पूर्वोत्तर रेलवे पर 2 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषय पर मनाये जा रहे 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' के अन्तर्गत महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर के मुख्य आतिथ्य में आज रेलवे अधिकारी क्लब, गोरखपुर में 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषय पर ''सतर्कता सेमिनार'' का आयोजन किया गया। सेमिनार का शुभारम्भ महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर, अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे विनोद कुमार शुक्ल, प्रमुख विभागाध्यक्षों और आमंत्रित मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे राजीव मिश्र तथा प्रख्यात शिक्षाविद, लेखक एवं मेम्बर ऑफ गवर्निंग बॉडी, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गोरखपुर डॉ. अशोक जाह्नवी प्रसाद ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया तथा सतर्कता विभाग की वार्षिक पत्रिका 'शुचि दर्पण' के 36वें संस्करण का विमोचन किया। सेमिनार में वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी आदर्श खरे, प्रमुख विभागाध्यक्ष, सतर्कता एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, सतर्कता निरीक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर ने कहा कि आमंत्रित मुख्य वक्ताओं ने सतर्कता पर मार्गदर्शन स्वरूप अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि रेलवे में सतर्कता विभाग की व्यवस्था काफी सुदृढ़ है। श्री बोरवणकर ने कहा कि हमें युवा पीढ़ी के अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों के विचारों में सत्यनिष्ठा का भाव जागृत करने की आवश्यकता है। महाप्रबन्धक ने सतर्कता एवं केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सी.बी.आई.) की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें अपने कार्य करने के दौरान सेवा भाव रखना आवश्यक है। श्री बोरवणकर ने कहा कि अपने कार्य के दौरान निर्णयों में देरी करना भ्रष्टाचार को जन्म देता है, जो दीमक के समान है। उन्होंने कहा कि दिन-प्रतिदिन तकनीक में सुधार होने से सत्यनिष्ठा से समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। इस दौरान महाप्रबन्धक ने आलस्य, अज्ञान एवं अहंकार



❖ रेलवे में सतर्कता सेमिनार

रूपी राक्षसी प्रवृत्ति का वर्णन करते हुये कहा कि हमें अपने कार्यक्षेत्र में इनका निषेध करते हुये कार्यक्षेत्र में निरन्तर सुधार करने के लिये प्रेरित किया। श्री बोरवणकर ने कहा कि हम कार्य के दौरान पुरानी गलतियों को न दोहरायें तथा पूर्वोत्तर रेलवे की छवि में निखार लाने के लिये निरन्तर प्रयासरत रहें क्योंकि 'चरित्र को पवित्र करने का कोई इत्र नहीं आता है।' अपर महाप्रबन्धक विनोद कुमार शुक्ल ने कहा कि सत्य वही है, जो समाज के कल्याणकारी हो। उन्होंने विभिन्न श्लोकों के माध्यम से 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषय को चरितार्थ किया। इस दौरान श्री शुक्ल ने उपनिषद् एवं योग के नियमों का उल्लेख करते हुये सत्यनिष्ठा से समृद्धि के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी आदर्श खरे ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर रेलवे पर प्रतिवर्ष 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करना हम सभी की जिम्मेदारी है। आमंत्रित मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे राजीव मिश्र ने भारतीय रेल की बृहद कार्यप्रणाली का विस्तार से वर्णन करते हुये भ्रष्टाचार की रोकथाम हेतु महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। साथ ही भारतीय रेल में ऑनलाइन कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने तथा आधुनिक तकनीक का प्रयोग करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिये सत्यनिष्ठा बहुत महत्वपूर्ण है। श्री मिश्र ने कहा कि सत्यनिष्ठा की असली पहचान तब होती है, जब कार्य करने के दौरान आपको कोई देख न रहा हो। उन्होंने भारतीय रेल में निविदा आवंटन की विभिन्न प्रक्रियाओं में सुधार हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिये तथा सतर्कता एवं केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सी.बी.आई.) के मामलों में होने वाली कार्यवाही पर विस्तार से प्रकाश डाला। मेम्बर ऑफ गवर्निंग बॉडी, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गोरखपुर प्रोफेसर डा. अशोक जाह्नवी प्रसाद ने कहा कि हम लोग भ्रष्टाचार को नजरअंदाज करके उसे बढ़ावा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट कार्यों के प्रति उदासीनता भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। उदासीनता के बाद भ्रष्टाचार के प्रति स्वीकार्यता आ जाती है। हम गलत कार्यों का विरोध नहीं करते तो हम भी उसके भागी माने जाते हैं। इसके अतिरिक्त प्रमुख विभागाध्यक्षों ने 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषय पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी आदर्श खरे ने महाप्रबन्धक, अपर महाप्रबन्धक तथा आमंत्रित मुख्य वक्ताओं को स्मृति चिह्न प्रदान किया। उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, भंडार कृष्ण चन्द्र सिंह ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सेमिनार का संचालन रचना श्रीवास्तव ने किया। इसी क्रम में, 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषय पर ऑनलाइन ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यालय के कर्मचारी एवं उनके परिजनों ने प्रतिभाग किया।

योगी सरकार में परिषदीय बच्चों की प्रतिभा को मिलेगा मंच

गोरखपुर, २८ अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के साथ



बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारने पर भी जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में गोरखपुर जिले के 33 पीएम श्री विद्यालयों में विशेष थिएटर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला के लिए गोरखपुर के प्रत्येक पीएम श्री विद्यालय से 10 से 12 ऐसे बच्चों का चयन किया जाएगा, जिनकी रुचि अभिनय और गायन में होगी। जेंडर संवेदनशीलता और समानता को बढ़ावा देने के लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने निर्देश दिया है कि चयनित समूह में आधी संख्या बालिकाओं की होगी। चयनित बच्चों का थिएटर ग्रुप बनाया जाएगा और उसे एक विशिष्ट नाम दिया जाएगा, इस थिएटर ग्रुप के लिए आठ दिवसीय कार्यशाला आयोजित होगी। इसमें महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से उपलब्ध कराई गई स्क्रिप्ट 'चलो स्कूल', 'सपनों की ओर' और 'शिक्षाधन' के आधार पर नुक्कड़ नाटक तैयार कराए जाएंगे। इस दौरान दक्ष प्रशिक्षक बच्चों को अभिनय और रंगमंच की बारीकियां सिखाएंगे।